फास्ट न्यूज

खाद की 50 हजार बोरी सील

■ **एनबीटी, बाराबंकी:** नगर के आलापुर के समीप शनिवार रात डीएम के निर्देश पर छापा मारकर प्रशासन ने 50 हजार बोरी खाद को सील कर दिया। इसके नकली होने की आशंका है। शनिवार रात डीएम योगेश्वर राम मिश्र को सूचना मिली कि नगर के लाइसेंसी अग्रवाल इंडस्ट्रीज के गोदाम में भारी मात्रा में नकली खाद रखी है। इस पर जिला कृषि अधिकारी रामकुमार यादव के नेतृत्व में टीम ने छापा मारा। मौके पर विभिन्न कंपनियों की खाद जो कि 2010-2011 के पैकिंग में थी, उसे नई पैकिंग में सील किया जा रहा था। इस पर पूरे गोदाम को सील कर दिया गया है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि यह नियमानुसार अनियमितता है। बिना प्रशासन की अनुमति व प्रयोगशाला की जांच के कि यह खाद अभी भी मानक के अनुरूप है, के बाद ही रिपैकिंग की जा सकती है। उन्होंने कहा कि रविवार को नमूने लेकर जांच के लिए भेजे जाएगा।

युवती ने छेड़खानी करने वाले को धुना

■ **एनबीटी, अलीगंज:** चंद्रलोक कॉलोनी में पैदल घर जा रही युवती को शनिवार शाम बाइक सवार युवक ने फब्तियां कसते हुए छेड़ा, गुस्साई महिला ने युवक को गाड़ी से नीचे गिरा कर खूब पीटा। युवती शनिवार शाम कपूरथला से खरीदारी करके घर लौट रही थी। पुलिस ने आरोपित युवक को हिरासत में ले लिया। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने के बाद मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

ताड़ी का घड़ा फोड़ने में दो पर हमला

■ **एनबीटी, बाराबंकी:** मोहम्मदपुर खाला के अब्दुल्लापुर में ताड़ी के घड़े को फोड़ने के विवाद में एक पक्ष ने दो लोगों पर जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस के अनुसार खजूर के पेड़ में ताड़ी के लगे घड़े को फोड़ने को लेकर शुक्रवार दोपहर सूरजलाल यादव व शत्रोहन लाल के परिवारीजनों में विवाद हुआ था। रात में सूरजलाल दूध बेचकर घर लौटा तो उस पर हमला हो गया। बचाव में आए पोते बृजेश यादव को भी पीटा गया।

भूमि कब्जाने का आरोप लगा किसानों का धरना

■ **एनबीटी, मलिहाबाद:** किसानों की जमीन पर अवैध कब्जा करने का आरोप केन्द्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान पर लगाते हुए शनिवार को सैकड़ों किसानों ने निदेशक कार्यालय पर प्रदर्शन किया। साथ ही जमीन वापस करने की मांग को लेकर धरना दिया। हालांकि उपजिलाधिकारी के आश्वासन पर किसानों ने धरना स्थगित कर दिया। भारतीय किसान यूनियन के जिला उपाध्यक्ष कमलेश मौर्य के नेतृत्व में सैकड़ों किसान शनिवार को केन्द्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान रहमानखेड़ा पहुंचे। यहां किसानों ने प्रदर्शन करते हुए आरोप लगाया कि संस्थान ने एक दर्जन से अधिक गांवों के किसानों की सैकड़ों बीघा भूमि बिना अधिग्रहित किए अवैध तरीके से कब्जा कर रखा है। मांग की कि इस जमीन की क्षतिपूर्ति किसानों को दी जाए या उनकी भूमि वापस की जाए। मांग को लेकर किसान अनिश्चितकालीन धरने पर भी बैठ गए।

खुली बैठक में होगा प्रधान का चयन

■ **एनबीटी, बाराबंकी:** पूरेडलई के विधानगर के कार्यवाहक प्रधान का 31 जुलाई को खुली बैठक में चयन होगा। डीएम योगेश्वर राम मिश्र ने यह आदेश शनिवार को जारी किया। इसके साथ ही डीएम ने कार्यवाहक प्रधान के लिए ग्राम पंचायत सदस्य राजदेई को नामित करने का अपना आदेश वापस ले लिया है। मार्च 2015 में निर्वाचित प्रधान अशोक कुमार का निधन हो गया था। इस पर पंचायती राज अधिनियम के प्राविधानों के अंतर्गत राजदेई को नामित किया था। इस आदेश को अन्य लोगों ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। कोर्ट ने खुली बैठक बुलाकर चयन के आदेश निर्गत किए हैं।

बंकी नगर पंचायत की बैठक में हंगामा

■ **एनबीटी, बाराबंकी:** बंकी नगर पंचायत की शनिवार को आयोजित खुली बैठक में सदस्यों ने जमकर हंगामा किया। सदस्यों ने अध्यक्ष अंशु सिंह पर उपेक्षा का आरोप लगाया। हालांकि बैठक में नाला सफाई के प्रस्ताव को ध्वनिमत से पास कर दिया गया। सदस्य राईस अहमद ने बैठक शुरू होने पर अपने वार्ड का विकास न किए जाने का आरोप लगाया। बैजनाथ चौरसिया ने कहा कि नगर पंचायत प्रशासन जीतनगर को नगर पंचायत की सीमा में शामिल करने को लेकर संजीदा नहीं है। पुष्पा गौतम ने सफाईकर्मचारियों के न आने व फुंके बिजली उपकरणों की मरम्मत न होने का आरोप लगाया।

चार जगह शटर उठाकर चोरियां

■ **एनबीटी, गोसाईंगंज:** अमेठी में शुक्रवार रात नैशनल हाईवे पर चार दुकानों का शटर उठाकर चोरों ने हजारों के माल पर हाथ साफ कर दिया। सूचना पर पुलिस ने कंजड़ गिरोह के कई अड्डों पर छापा मारा। अमेठी चौराहे पर स्थित रामचंद्र की परचून की दुकान का शटर उठाकर अंदर घुसे चोरों ने करीब 15 हजार की नकदी व 10 हजार के माल पर हाथ साफ किया। वहीं, टीपू की हार्डवेयर की दुकान से शटर उठाकर नकदी चोरी की। एलआईसी के मिनी ऑफिस में भी चोर शटर उठाकर अंदर घुसे पर यहां उनके हाथ कुछ नहीं लगा। कुछ कागजात जरूर चोर उठा ले गए। एक प्रॉपर्टी डीलर के ऑफिस में भी चोर अंदर घुसे, लेकिन कुछ खास उनके हाथ नहीं लगा। इन ताबड़तोड़ चोरियों से लोग दहशत में हैं। नागरिकों का कहना है कि जहां पर चोरियां हुई हैं। वहां से चंद कदम की दूरी पर पुलिस हर समय मौजूद रहती है। पर पुलिस वसूली में लगी रहती है।

'शिक्षा के लिए बेहतर माहौल दें'

■ **एनबीटी, बाराबंकी:** नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज लखपेड़ाबाग में डीआईओएस अशोक कुमार ने राजकीय, वित्तीय सहायता प्राप्त व निजी कॉलेजों के प्रधानाचार्यों से नए शैक्षिक सत्र में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए विशेष प्रयास की अपील की। उन्होंने कहा कि यह जिला शैक्षिक रूप से काफी समृद्ध रहा है। यहां पर प्रतिवर्ष छात्र राज्य की मेरिट सूची में आते हैं। इसमें किसी प्रकार की बाधा न आए। उन्होंने कहा कि समय से कक्षा नौ व 11 के छात्रों का पंजीकरण करा लिया जाए। छात्रवृति में हुई दिक्कतों को दूर करें। बैठक में प्रधानाचार्य मो. एहरार, रामकिशोर शुक्ल, डीके वर्मा आदि रहे।

नई तहसील पीआरडी बिल्डिंग में चलेगी

■ **वसं, लखनऊ:** नई तहसील सरोजनीनगर का संचालन अगले महीने से होने लगेगा। जब तक नई बिल्डिंग नहीं बनेगी तब तक इसका संचालन पीआरडी भवन में होगा। शनिवार को प्रशासन ने तहसील संचालन के लिए जगह चिन्हित कर ली है। डीएम राजशेखर ने शनिवार को सरोजनी नगर में निरीक्षण किया। यहां पर नई तहसील के लिए गौरी गांव में 10 बीघा जमीन चुनी गई है। एडीएम प्रशासन राजेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि सरोजनी नगर तहसील की बिल्डिंग 2 लाख 72 हजार स्क्वायर फिट पर बनेगी। इतनी जमीन तहसील के लिए पर्याप्त है।

प्रदेश में ट्राइबल बच्चों में होगी इसकी जांच

सफेद पीले कार्ड से रुकेगा सिकल एनिमिया

■ **वसं, लखनऊ**



सिकल एनिमिया बच्चों के शरीर को खोखला कर रही है। इस बीमारी को रोकने के लिए मिनिस्ट्री ऑफ ट्राइबल्स स्क्रीनिंग प्रोग्राम शुरू कर रही है। इसके तहत जांच के बाद हर बच्चे को रंगीन कार्ड दिया जाएगा, जो उसमें सिकल एनिमिया की स्थिति को उजागर करेगा।

भागीदारी भवन में आयोजित कार्यशाला में सेंट्रल ट्राइबल मिनिस्ट्री से आए उप सचिव गोपाल साधवानी ने बताया कि पूरे देश में जहां भी ट्राइबल्स है, वहां इसे शुरू किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश में उनमें से एक है। उन्होंने बताया कि बच्चों की स्क्रीनिंग करके उन्हें तीन तरह के कार्ड दिए जाएंगे। अगर बच्चा सिकल एनिमिया प्रभावित है तो उसे पीले रंग का कार्ड दिया जाएगा। अगर बच्चा सिकल एनिमिया कैरियर है तो उसे आधा सफेद और आधा पीले रंग का कार्ड तथा ठीक बच्चे को सफेद रंग का कार्ड दिया जाएगा।

यह होगा फायदा

नैशनल इंस्टिट्यूट ऑफ रिसर्च इन ट्राइबल हेल्थ जबलपुर (एनआईआरटीएच) की निदेशक डॉ. नीरू सिंह ने बताया कि इस कार्ड से बीमारी फैलने पर रोक लगेगी। कार्ड देकर बच्चों और उनके माता पिता को बताया जाएगा कि वो उसी रंग के कार्डधारक से शादी न करें। डॉ. नीरू ने बताया कि अगर पीला रंग धारक सफेद रंगधारक से शादी करेगा तो बच्चे में सिकल एनिमिया नहीं होगा। अगर पीला कार्डधारक इसी रंग वाले से शादी करेगा तो उसका होने वाला बच्चा भी सिकल एनिमिक होगा।

जानलेवा है बीमारी

नैशनल इंस्टिट्यूट ऑफ रिसर्च इन ट्राइबल हेल्थ जबलपुर से आए वैज्ञानिक डॉ. एस राग सुब्रह्मण्यम ने बताया कि शरीर में आयरन की कमी से एनिमिया होता है, लेकिन सिकल एनिमिया खून टूटने से होता है। उन्होंने बताया कि शरीर में ऑक्सीजन की कमी से आरबीएस (रेड बल्ड सेल्स) टूट जाते है। इससे शरीर बुरी तरह प्रभावित होता है। इस बीमारी का कोई इलाज नहीं है। इलाज से व्यक्ति 20 वर्ष ही जीवित रहता है। इस समय भारत में सिकल एनिमिया के लगभग 35 प्रतिशत कैरियर लोग हैं। कई बार डॉक्टर बच्चे में एनिमिया का ही इलाज करते है और सिकल एनिमिक की कोई जांच न होने से बच्चे की मौत हो जाती है।

मुख्य कारण

एनआईआरटीएच के वैज्ञानिक डॉ. राजीव यादव ने बताया कि इस बीमारी का मुख्य कारण है रिश्तेदारी में ही शादी करना। उन्होंने बताया कि यही कारण है कि यह बीमारी ट्राइबल और मुस्लिम लोगों में ज्यादा पाई जाती है। कुछ जगहों में पंजाबी लोगों में भी यह बीमारी होती है।

सेटेलाइट से खोजे जाएंगे तालाब, कम होगा मलेरिया

इसरो से आए वैज्ञानिक डॉ. गिरीश पुजार ने बताया कि वैक्टर बॉर्न डीजीज कम करने के लिए जल्द ही नया प्रोग्राम शुरू होने जा रहा है। उन्होंने बताया कि रिमोट सेंसिंग सेटेलाइट से छोटे तालाब खोजे जा रहे है। यह तालाब कोई बड़े नहीं बल्कि 1 हेक्टेयर से कम के है। इन तालाबों में लोगों को मछली पालन के लिए प्रमोट किया जाएगा। इससे दो फायदे होंगे। आसपास रहने वाले लोग उसमें मछली पालन करके उसे खुद खाने में प्रयोग करगें। इससे उन्हें ज्यादा प्रोटीन मिलेगा और उनकी इम्युनिटी मजबूत होगी। वहीं, यह मछलियां लार्वा खाएंगी, जिससे मलेरिया जैसे वैक्टर बॉर्न डिजीज कम होगी।

यह है लक्षण

- जोड़ों में दर्द
- उंगलियों में सूजन
- पीलिया होना
- बुखार होना
- तिल्ली बढ़ना
- कमजोरी होना

रेलवे में नौकरी के नाम पर ठगी

एनजीओ पर दो युवकों से डेढ़ लाख वसूलने का आरोप

■ **प्रमुख संवाददाता, लखनऊ**

पूर्वोत्तर रेलवे की ट्रेनों में बेडरोल की सप्लाई करने वाले पहल नामक एनजीओ के पांच कर्मचारियों ने रेलवे में नौकरी के नाम पर दो युवकों से डेढ़ लाख रुपये वसूल लिए। अरसे तक टालमटोल के बाद युवकों ने जब उनसे पैसे वापस मांगे तो उन्होंने दोनों युवकों को बंधक बना लिया। युवक के पिता की कम्प्लेंट के बाद जीआरपी ने चारों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

एनईआर के लखनऊ जंक्शन स्टेशन पर पहल एनजीओ के नाम पर बेडरोल सप्लाई का ठेका है। इसे मो. शाहिद, कुलदीप, विपुल यादव, संदीप तोमर व राम सजीवन संचालित करते हैं। इन लोगों ने उन्नाव निवासी विशाल गुप्ता व उसके चचेरे भाई अनुराग से 25-25 हजार रुपये जमानत रकम लेकर रेलवे में बुकिंग क्लर्क के नाम पर झांसा दिया। इसके बाद उन्होंने राम सजीवन के बैंक खाते मे उनसे 90 हजार रुपये जमा करा लिए। कई महीनों तक वह नौकरी दिलाने के नाम पर टालमटोल करते रहे। शुक्रवार रात जब विशाल व अनुराग उनसे पैसे मांगने पहुंचे तो उन्होंने उन दोनों को अपने कार्यालय में बंधक बना लिया। जबकि विशाल के पिता को उन्होंने स्टेशन पर बैठने को कहा। कई घंटे बीत जाने के बाद भी जब दोनों युवक नहीं आए तो उसके पिता ने जीआरपी के चौकी इंचार्ज विष्णु कौशिक को इसकी जानकारी दी। इसके बाद जीआरपी ने दोनों युवकों को छुड़ाकर उसके पिता को सौंप दिया। बाद में जीआरपी ने पांचों लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर शाहिद, कुलदीप, विपुल व संदीप को गिरफ्तार कर लिया। जबकि राम सजीवन अभी तक फरार है।

जीआरपी ने चारों आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

मैजिस्ट्रेट ने भेजा जेल

जीआरपी ने शनिवार को जब चारों आरोपितों को रेलवे के अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी की अदालत में पेश किया तो उन्होंने चारों आरोपियों को जेल भेज दिया है। जीआरपी उनके पांचवें साथी की तलाश में छापेमारी कर रही है।

विधायक पर जमीन बेचने का दबाव बनाने का आरोप, गवर्नर से शिकायत

■ **एनबीटी, बाराबंकी:** सपा के सदर विधायक धर्मराज यादव उर्फ सुरेश पर एक किसान ने हाईवे के किनारे की जमीन बेचने का दबाव बनाने का आरोप लगाते हुए जान का खतरा जताया है। किसान ने मामले की शिकायत राज्यपाल रामनाईक को पत्र लिखकर की है।

कोतवाली नगर के बड़ेल निवासी किसान संतकुमार यादव ने शनिवार को पत्रकारों को बताया कि उसके परिवार की हाईवे के किनारे 13 बीघा जमीन है। इसमें उसका तीसरा हिस्सा साढ़े चार बीघा जमीन है। उसके दो अन्य पार्टनर ने अपने हिस्से की जमीन डेढ़ वर्ष पहले बेच दी। इस पर उसने एसडीएम कोर्ट में बंटवारे का मुकदमा दायर किया। किसान ने बताया कि उसके हिस्से की जमीन को बेचने के लिए सदर विधायक धर्मराज उर्फ सुरेश यादव लगातार दबाव बना रहे हैं। यह भी कहा कि विधायक ने उसके पट्टीदार योगेंद्र प्रसाद से उसकी पिटाई कराई तथा उल्टा उसके खिलाफ कोतवाली नगर में मारपीट व जानलेवा हमला का फर्जी मुकदमा लिखवाकर जेल भिजवा दिया। शुक्रवार को पुनः उसके होटल पर दीपू व एसपी यादव ने एक दर्जन अन्य साथियों के साथ धावा बोल दिया। वहीं, सपा विधायक सुरेश यादव का कहना है कि यह आरोप पूरी तरह से झूठे हैं। वह संतकुमार नामक किसी व्यक्ति को जानते तक नहीं हैं। अगर आरोप साबित हो जाएंगे तो वह किसी भी सजा के लिए तैयार हैं।

बिस्किट कम्पनी में आग, लाखों का नुकसान

■ **एनबीटी, सरोजनीनगर**

सरोजनीनगर क्षेत्र में शुक्रवार रात एक बिस्किट कम्पनी में संदिग्ध हालात में आग लग गई। फैक्ट्री के दूसरे तल में तेज लपटें उठती देख कर्मचारियों ने इसकी सूचना फायर स्टेशन को दी। मौके पर पहुंची करीब आधा दर्जन दमकल गाड़ियों ने दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने के सही कारणों का अबतक पता नहीं चल सका है।

नोएडा निवासी बीपी अग्रवाल की सरोजनीनगर औद्योगिक क्षेत्र में सूर्या फूड एण्ड एग्रो लि. नाम से प्रिया गोल्ड बिस्किट की फैक्ट्री है। इसकी दूसरी मंजिल पर हाल में बिस्किट पैकिंग का काम होता है। शुक्रवार रात कम्पनी में मजदूर काम कर रहे थे, तभी करीब डेढ़ बजे अचानक पैकिंग हाल से धुआं उठने के साथ ही आग की तेज लपटें उठने लगीं। तेज आग देख फैक्ट्री में काम कर रहे मजदूरों में हड़कम्प मच गया और वह इधर-उधर भागने लगे। कम्पनी में मौजूद कर्मचारी आग बुझाने के लिए वहां रखे फायर फाइटिंग यंत्र लेकर दौड़े, लेकिन यंत्र काम नहीं कर सके। आनन-फानन में घटना की सूचना फायर कन्ट्रोल रूम को दी गई। सूचना पाकर सरोजनीनगर, गोमतीनगर, आलमबाग व पीजीआई फायर स्टेशन से पहुंची 6 दमकल गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया। दमकल कर्मियों के मुताबिक इस घटना में करीब एक लाख से अधिक कीमत का नुकसान हुआ है।

रास्ता न होने से हुई दिक्कत

पुलिस कण्ट्रोल रूम से आग लगने की सूचना मिलते ही सबसे पहले सरोजनीनगर के दमकल कर्मी वाहन सहित मौके पर पहुंचे। मगर दमकल गाड़ी को घटनास्थल तक पहुंचने के लिए रास्ता नहीं मिला। बाद में काफी दूर से पाइप बिछाकर दमकल कर्मी वहां पहुंचे, मगर तबतक हाल के अन्दर रखा काफी सामान जल चुका था।

मेयर ने कहा, फिर भी तीन घंटे तक नहीं पहुंचे नगर निगम के अधिकारी

राजा बाजार में मवाना सिंह शिवाला पार्क पर हो रहे अवैध निर्माण का मामला

■ **संवाददाता, लखनऊ**

राजा बाजार के मवाना सिंह शिवाला पार्क में कब्जा हो रहा है। शनिवार को जैसे ही इसकी जानकारी मेयर डॉ. दिनेश शर्मा को मिली तो उन्होंने जोन दो के जोनल अधिकारी और नगर अभियंता को इसकी सूचना दी। मेयर ने सीओ चौक को भी बताया। अपर नगर आयुक्त विशाल भारद्वाज ने भी जोनल अधिकारी को कब्जे की जानकारी दी। बावजूद इसके नगर निगम का दस्ता वहां तब पहुंचा जब पुलिस वहां हो रहे काम को रुकवा चुकी थी।

राजा बाजार पार्क में कब्जे का दौर पिछले दो महीने से चल रहा है। नगर निगम अधिकारियों को इसकी जानकारी है। तीन दिन पहले ही पुलिस ने नगर निगम के इंजीनियरों को इसकी जानकारी दी। मौके पर इंजीनियर आए, काम रुकवाया और बिना कोई कार्रवाई के चलते बने। नगर निगम के जेई अंगद सिंह को इस अवैध अतिक्रमण करने वाले पर एफआईआर कराने के लिए कहा गया था, लेकिन वह बिना एफआईआर कराए ही चले आए और शनिवार को फिर से व्यक्ति ने यहां अतिक्रमण कराना शुरू कर दिया था। यहां काम रुकवाने के लिए पहुंची पुलिस ने अतिक्रमी को हिदायत दे दी है कि जब तक यहां नगर निगम दस्ता मुआयना करके उन्हें निर्माण की अनापत्ति न दे दे, तब तक उन्हें निर्माण नहीं करना है।

राजा बाजार के मवाना सिंह शिवाला पार्क में पहुंची पुलिस।

जगह नाप कर होगी बाउंड्री

नगर निगम के जोनल अधिकारी संजय ममगई ने बताया कि वह जब मौके पर गए तो काम रुक गया था। उन्होंने जेई को पैमाइश करके पार्क के किनारे बाउंड्री तैयार करने के आदेश दिए हैं। सोमवार तक इस्टीमेट की फाइल नगर निगम मुख्यालय पहुंचा दी जाएगी।

सात दिन में मांगी पार्कों की रिपोर्ट

संवाददाता, लखनऊ: बीएसपी के राज्यसभा सदस्य सतीश चंद्र मिश्र द्वारा नगर निगम के पार्क में कब्जे की रिपोर्ट नगर निगम ने तलब की है। शनिवार के अंक में एनबीटी ने पार्क में कब्जे की खबर प्रकाशित की थी। अपर नगर आयुक्त अवनीश सक्सेना ने बताया कि उन्होंने उद्यान निरीक्षक को आदेश दिए हैं कि वह सात दिनों के भीतर रिपोर्ट दें कि पार्क पर किस तरह का कब्जा है और यह कब्जा कब से है? इसे हटवाने के लिए क्या कार्रवाई अब तक की गई है।

नीतू कांड की सीबीआई जांच के लिए कांग्रेस ने दिया धरना

■ **एनबीटी, बाराबंकी:** कोठी थाने में नीतू द्विवेदी के जलने की वारदात की सीबीआई जांच को लेकर शनिवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में धरना दिया। धरना सभा में अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष व राज्यसभा सदस्य पीएल पुनिया ने कहा कि यूपी में पुलिस का आतंक काफी बढ़ गया है। कोठी थाने में नीतू के साथ वारदात ने पुलिस के कुरूप चेहरे को और दागदार किया है। इस वारदात की शासन ने सीबीसीआईडी जांच के आदेश देकर एक बार फिर पुलिस को बचाने का प्रयास किया है। कई अन्य मामलों में भी सीबीसीआईडी जांच चल रही है और अभियुक्त खुलेआम घूम रहे हैं। ऐसे में सीबीसीआईडी जांच का आदेश एक धोखा है। उन्होंने सीबीआई जांच की मांग की। यह भी कहा कि यह आंदोलन अब रुकेगा नहीं। मौके पर पूर्व गृहमंत्री रामकृष्ण द्विवेदी, छोटेलाल चैरसिया, प्रेमा अवस्थी, रामजियावन यादव, मारूफ खान, गौरीशंकर मिश्रा, दीपक सिंह रैकवार, पूर्व सांसद ए.पी. गौतम, शिवशंकर शुक्ला, सुनीता निषाद, इरफान कुरैशी, बृजेश दीक्षित, रमन द्विवेदी, सरजू शर्मा ने भी विचार रखे।

Veer Bahadur Singh Purvanchal University
JAUNPUR (U.P.)

No.V.B.S.P.U./Admin/02/2015 Date:24.07.2015

Advertisement

Applications are invited from qualified persons on a prescribed Application form for the empanelment of guest faculty in the various academic departments/courses offered in the University. Qualification shall be of an Assistant Professor prescribed in the University statute and UGC norms. Applications should reach in the office of the Registrar by speed post not after August 3rd, 2015. For the honorarium (revised) and other details visit official website: www.vbspu.ac.in.

SAP ID:20604440_1 Registrar

अब एक फोन पर मिलेगी सैलरी की जानकारी

■ **एनबीटी, लखनऊ**

आर्मी मेडिकल कोर (एएमसी) के सभी जवानों और अधिकारियों को वेतन संबंधित जानकारी अब महज एक कॉल पर मिल सकेगी। इसके लिए जवान स्मार्ट इंफर्मेशन एक्सचेंज (जैसमीन) नाम से इंटरैक्टिव वॉयस रिस्पांस सिस्टम (आईवीआरएस) की सुविधा शुक्रवार से शुरू की गई है। करियप्पा रोड स्थित रक्षा लेखा विभाग के प्रशिक्षण केंद्र में एएमसी सेंटर एवं कॉलेज के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल वी रविशंकर ने इसका शुभारंभ ने किया।

सेना के जवानों को अब अपनी सैलरी की जानकारी के लिए एएमसी का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। अधिकारियों का दावा है कि एएमसी देश में पहला सेंटर बन गया है जो आईवीआरएस के माध्यम से वेतन संबंधित जानकारी देगा। वेतन लेखा कार्यालय एएमसी के प्रधान नियंत्रक संजीव कुमार ने बताया कि पिछले एक साल से योजना पर काम किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि जवानों को मासिक वेतन देने की शुरूआत भी एएमसी से ही हुई थी। इस अवसर पर डिफेंस स्टेट की प्रिंसिपल डायरेक्टर दीपा बाजवा और रक्षा लेखा विभाग के अपर नियंत्रक मयंक बिष्ट के अलावा सेना के कई वरिष्ठ अधिकारी और रक्षा लेखा विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

एएमसी ने शुरू किया आईवीआरएस सिस्टम

इन नंबरों पर कॉल ले सकेंगे जानकारी

वेतन लेखा कार्यालय के फोन नंबर 0522-2480221, 22, 23 व 2482409 पर कॉल कर जवान सुविधा का लाभ ले सकेंगे। इन नंबर पर कॉल करने पर जवानों से उनका आर्मी नंबर मांगा जाएगा। इसके बाद डेट ऑफ बर्थ पूछी जाएगी। सब सही होने पर एक टी-पिन नंबर (ट्रेडिंग पार्टनर आईडेंटिफिकेशन नंबर) दिया जाएगा, जो पासवर्ड की तरह काम करेगा। इसके बाद जवान वेतन संबंधी कोई भी जानकारी ले सकेंगे। यह सुविधा 24 घंटे उपलब्ध होगी। आईवीआरएस की ओर से दिया गया टी-पिन नंबर गलत होने या भूलने पर जवानों को परेशान होने की जरूरत नहीं है। ऐसे स्थिति में नया पासवर्ड खुद ब खुद जनरेट हो जाएगा।

प्रशिक्षण केंद्र में जवानों ने पूछे सवाल: आईवीआरएस सुविधा शुरू होने के बाद एएमसी के जवानों के लिए एक वर्कशॉप का भी आयोजन किया गया था। इसमें जवानों ने योजना से जुड़ी तमाम जानकारी हासिल की।

ट्रेन की चपेट में आए युवक की मौत

■ **एनबीटी, कृष्णानगर :** भोला खेड़ा क्रॉसिंग को बाइक समेत पार करते वक्त एक 18 वर्षीय युवक उमेश कुमार की ट्रेन की चपेट में आ गया। इससे उसकी मौत हो गई। गोंडा निवासी उमेश लखनऊ में चाचा रामधीराज के साथ ओशो नगर कनौसी में रहता था। शनिवार शाम वह बाइक से सब्जी लेकर घर जा रहा था। उसने बंद क्रॉसिंग पार करने की कोशिश की। इसी दौरान पटरी पर ही वह सांड की चपेट में आ गया। वहीं, वह कानपुर की ओर से आ रही एलसी ट्रेन के नीचे आ गया।

पहले लाइसेंस बनवाएं फिर खरीदें ई-रिक्शा

■ **प्रसं, लखनऊ:** परिवहन आयुक्त ने के. रविन्द्र नायक ने ई-रिक्शा के डीलरों को हिदायत दी है कि वह बैट्री रिक्शा चलाने का लाइसेंस लेने वालों को ही वाहन बेचें। लोगों को भी उन्होंने सलाह दी है कि वह पहले ई-रिक्शा चलाने का लाइसेंस बनवाएं उसके बाद ही अधिकृत एजेसी से वाहन खरीदें। जिन लोगों के पास ई-रिक्शा चलाने का लाइसेंस होगा उन्हीं को इसे क्रय करने व चलाने की अनुमति मिलेगी।

परिवहन आयुक्त ने बताया कि केवल आई-कैट व सीआईआरटी से अधिकृत निर्माता कम्पनियों के बैट्री रिक्शों का ही पंजीकरण किया जाएगा। चाइनीज ई-रिक्शा का कतई पंजीकरण नहीं किया जाएगा। इसलिए जरूरी है कि लोग जल्दबाजी में अनधिकृत एजेंसियों व निर्मामा कम्पनियों का बैट्री ऑटो न खरीदें। उन्होंने बताया कि ई-रिक्शों के ड्राइवर्स के लिए पहली बार यूपी में स्पेशल कमर्शल लाइसेंस बनाए जाएंगे। अभी तक किसी भी आरटीओ दफ्तर से बनाया जाने वाला कोई भी लाइसेंस देश भर के लिए मान्य होता है, लेकिन ये लाइसेंस सिर्फ सिर्फ उसी जिले के विशेष क्षेत्र के लिए ही मान्य होंगे। इसके लिए उनके पास सालभर पुराने कार चलाने के लाइसेंस होने की अनिवार्यता से भी छूट मिलेगी। वह एजेंसी या मोटर ट्रेनिंग स्कूल से 10 दिन का ट्रेनिंग करने का प्रमाण-पत्र देकर लाइसेंस बनवा सकेंगे। इसके अलावा कमर्शल लाइसेंस के लिए आठवीं पास होने की अनिवार्यता से भी उन्हें छूट दी जाएगी।

चाइनीज ई-रिक्शों का नहीं होगा पंजीकरण

सेना भर्ती फर्जी अभ्यर्थियों को ट्रेनिंग सेंटर के अंदर रोकने के लिए बनाई गई नई योजना

पांच चरणों में होगी बायोमीट्रिक जांच

■ **आशु मिश्रा, लखनऊ**

सैन्य अधिकारियों के लाख प्रयासों के बावजूद सेना में फर्जी अभ्यर्थी किसी न किसी प्रकार रीक्रूट हो रहे थे। दलालों के साथ साठ-गांठ करके वह एक साल पहले शुरू हुई बायोमीट्रिक की जांच को भी चकमा दे रहे थे। ऐसे फर्जी अभ्यर्थियों पर रोक लगाने के लिए सेना ने पांच चरणों में बायोमीट्रिक जांच करने की योजना बनाई है। अब अभ्यर्थियों को अपनी पहचान सबसे आखिरी समय में भी साबित करनी होगी, जब वह ट्रेनिंग करने के लिए सेंटर के अंदर घुस चुके होंगे। अब तक केवल चार चरणों में बायोमीट्रिक की जांच की जाती थी।



उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में सेना के कुल 11 ट्रेनिंग सेंटर हैं। राजधानी समेत यह ट्रेनिंग सेंटर बनारस, बरेली, मेरठ, रामगढ़, फैजाबाद, फतेहगढ़, रुड़की में मौजूद हैं। सेना के सामने कई बार ऐसे मामले सामने आए जब बायोमीट्रिक होने के बाद भी ट्रेनिंग सेंटर में दूसरे के नाम और पते पर कोई फर्जी अभ्यर्थी सेना के अंदर प्रवेश कर जाता था। इस पर रोक लागने के लिए सेना के अधिकारियों ने अब यह फैसला किया है कि जॉइनिंग लेटर मिलने के बाद जब ट्रेनिंग के लिए अभ्यर्थी ट्रेनिंग सेंटर के अंदर जाएंगे तो आखिरी समय में भी बायोमीट्रिक सिस्टम से उनकी पहचान की जाएगी।

यह होगा फायदा

कई बार दूसरे के नाम पते पर फर्जी अभ्यर्थी ट्रेनिंग सेंटर के अंदर प्रवेश कर जाते थे, जबकि मेहनत कोई और अभ्यर्थी करता था। दलालों के साथ मिलीभगत के कारण ऐसा होता था। ऐसे मामलों पर अब रोक लग सकेगी।

इन चरणों में होती थी जांच

- दौड़ पूरा करने के बाद
- फिजिकल फिटनेस पास करते समय
- लिखित परिक्षा देते वक्त
- लैटर डिस्पैच लेते वक्त

> **सभी 11 ट्रेनिंग सेंटर में अब अभ्यर्थियों की बायोमीट्रिक जांच ट्रेनिंग के अंदर घुसने से पहले भी की जाएगी। अब तक आखिरी में केवल आआरओ (आर्मी रिक्रूटिंग ऑफिस) में डिस्पैच लेटर देते वक्त ही बायोमीट्रिक की जांच हो पाती थी।** *-कर्नल आर. चैसवाल, डायरेक्टर, रीक्रूटिंग यूपी ऐंड उत्तराखंड*

Jan Shikshan Sansthan, Pilibhit
Sponsored by Ministry of Human Resource Development
Department of School Education and Literacy, Govt. of India
(under the aegis of Mahila Kalyan Samiti Pilibhit)

Requires Director

A Leading voluntary agency working in the field of literacy linked vocational skill development training to non/neo literates and rudimentary level of education, we are looking for a dynamic person to head the organization as Director. **Essential Qualification** : 1) Minimum Second class Master's degree from a recognized University/ Institution or equivalent. 2) Seven years experience in a supervisory capacity, preferably in the field of Education or Social Science. 3) Working knowledge of the local language. **Desirable** : 1) BBA or MBA - Diploma/Degree. 2) Experience in Administration and heading an organization. 3) Experience in guiding/conducting research or evaluation. **Age** - Maximum upto 55 yrs. as on the date of receipt of application. **Emoluments** - consolidated emoluments of Rs. 25,000/- per month (all inclusive). **Contract** — The position shall be filled on contract basis for a period ordinarily not exceeding five years out of which the first year will be the probation period. On satisfactory performance and by mutual agreement the order will be continued for next four years. Interested persons may send their complete application along with Passport size photographs, bio-data, division with % of marks, experience with supporting documents. Employed persons required to send their application through proper channel. Only eligible candidates will be shortlisted and called for the interview. Out-station candidates called for interview will be reimbursed with second class AC train fare on submission of original tickets. Apply with in 30 Days from the date of publication of this advertisement to

The Chairman
Jan Shikshan Sansthan
363, HIG, Tagore Nagar,
Avas Vikas Colony,
Pilibhit (U.P.) — 262001
Tel. 05882 - 256794
E-mail : jsspilibhit@gmail.com